दिनांक: 12.07.2025 समय : 02.10PM

## प्रादेशिक समाचार

### प्रधानमंत्री रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्त हुए युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस बार 16वां रोजगार मेला देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप्स, इनोवेशन और रिसर्च का जो इकोसिस्टम आज देश में बन रहा है वो देश के युवाओं का सामर्थ्य बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का जोर प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के नए अवसरों के निर्माण पर भी है।

हाल ही में केन्द्र सरकार ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। भोपाल के रेलवे ऑडिटोरियम में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुये। इस मौके पर उन्होने कहा कि "प्रधानमंत्री मोदी का विजन भारत के लिए वरदान है।

### लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 26वीं किश्त के रूप में एक करोड़ 27 लाख बहनों को 1 हजार 503 करोड़ 14 लाख रुपये की राशि उनके खातों में अंतरित करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री 56 लाख 74 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ की राशि, 30 लाख से अधिक बहनों को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफलिंग की 46 करोड़ 34 लाख की राशि भी सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन में राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन में मछुआ कल्याण के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं हितलाभ का वितरण भी करेंगे। सम्मेलन में मछुआ कल्याण के 152 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमि–पूजन किया जाएगा।

### एक्वा पार्क

राजधानी भोपाल में पुराने मछलीघर की जगह अब केन्द्र सरकार के सहयोग से अत्याधुनिक एक्वा पार्क का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में आयोजित निषादराज सम्मेलन से इस

अत्याधुनिक एक्वा पार्क का वर्चुअली भूमि–पूजन करेंगे। एक्वा पार्क न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र होगा, बल्कि बच्चों के लिए रोमांच, शिक्षा, शोध और कौतूहल का नया केंद्र भी बनेगा। एक्वा पार्क में मछलियों की सैकड़ों प्रजातियां देखने को मिलेंगी।

## एक बगिया मां के नाम

एक बगिया मां के नाम" परियोजना अंतर्गत परियोजना अधिकारी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा और डीपीएम का एक दिवसीय प्रशिक्षण आज भोपाल में आयोजित किया जा रहा है।
प्रदेश में स्व सहायता समूह की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर "एक बगिया मां के नाम" शुरू की गई इस परियोजना के तहत प्रदेशभर में वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा।

## मौसम

प्रदेश के कई जिलों में बारिश का दौर जारी है। सतना जिले के चित्रकूट में लगातार दो दिनों से हो रही बारिश से मंदाकिनी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। इसके चलते रामघाट, भरतघाट सहित सभी प्रमुख घाट जलमग्न हो गए हैं। घरों–दुकानों में भी पानी घुस रहा है। वहीं, शिवपुरी और ग्वालियर की सीमा पर बना हरसी बांध लबालब भर गया। इससे पानी का ओवरफ्लो होना शुरू हो गया है। इससे दोनों जिलों के करीब 20 गांव में पानी भरने का खतरा बढ़ गया है। मौसम विज्ञान विभाग ने आज प्रदेश के 45 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। यह अलर्ट खासकर प्रदेश के पूर्वी और मध्य क्षेत्र के लिए है, जहां बाढ़ जैसे हालात बनने की आशंका जताई गई है।

## कुछ समाचार संक्षेप में

- जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी जीएनएम कोर्स के नियमों को हाईकोर्ट में दी गई चुनौती की याचिका जबलपुर हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि सरकार का निर्णय सही है। प्रदेश सरकार ने मातृ मृत्यु दर कम करने के प्रयासों के चलते जीएनएम पद पर भर्ती के नियम 2024 में बदलाव कर दिया है।
- अनूपपुर में श्रावण माह में प्रत्येक सोमवार को पातालेश्वर महादेव का अभिषेक किया जाता है। यहां नर्मदा नदी के उद्गम स्थल के साथ भगवान शिव की तपस्या स्थली भी है।

------------------